## समाचार

# पुनः 17 मवेशी सड़कों से उठाकर पहुंचाए गए कांजीघर

## (निगम द्वारा चलाया जा रहा आवारा पशुओं के नियंत्रण का अभियान)




**कोरबा 14 जुलाई 2020** – नगर पालिक निगम, कोरबा द्वारा रोका–छेका अभियान के तहत् शहर की सड़कों पर आवारा रूप से विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़कर कांजीघर पहुँचाने का अभियान चलाया जा रहा है, इसी कड़ी में 17 मवेशियों को सड़कों से काऊकेचर वाहन के माध्यम से उठाकर कांजीघर पहुँचाया जा चुका है।

शहर की सड़कों पर स्वच्छंद रूप से विचरण करने वाले मवेशियों के कारण सड़क दुर्घटनाओं की संभावना बनती है तथा आवागमन करने वाले लागों को अनावश्यक परेशानी होती है। इन आवारा पशुओं को सड़कों से उठाकर उन्हें सुरक्षित रूप से कांजीघर पहुँचाने का कार्य निगम अमले द्वारा रात्रि के समय किया जा रहा है। यह अभियान 13 जुलाई को बुधवारी बाजार, आरामशीन, चेकपोस्ट एवं लालघाट तक चलाया गया तथा 17 मवेशियों को काऊकेचर के माध्यम से सड़कों से उठाकर कांजीघर पहुँचाया गया।